कर्मचारी चयन आयोग

गोपनीय - 1/2 अनुभाग

आशुलिपिक ग्रेड 'ग' एवं 'घ' परीक्षा, 2019 - अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट कर दस्तावेज सत्यापन हेतु बुलाने के लिए आशुलिपि की कौशल परीक्षा के परिणाम की घोषणा ।

****

कर्मचारी चयन आयोग ने दिनांक 21.10.2021 और 22.10.2021 को आशुलिपि ग्रेड 'ग' एवं 'घ' परीक्षा - 2019 के लिए कौशल परीक्षा का आयोजन किया था। आशुलिपिक ग्रेड 'ग' के पद हेतु कौशल परीक्षा में उपस्थित होने के लिए कुल 1215 अभ्यर्थियों ने और आशुलिपिक ग्रेड 'घ' के पद हेतु कौशल परीक्षा में उपस्थित होने के लिए 7792 अभ्यर्थियों ने अर्हता प्राप्त की थी।

2. कौशल परीक्षा में आयोग द्वारा कट-ऑफ निर्धारित करने के आधार पर दस्तावेज सत्यापन में उपस्थित होने हेतु 161 अभ्यर्थियों ने आशुलिपिक ग्रेड 'ग' पद के लिए और 2101 अभ्यर्थियों ने आशुलिपिक ग्रेड 'घ' पद के लिए अर्हता (अनंतिम) प्राप्त की है। कौशल परीक्षा में त्रुटियों/ गलतियों की अनुमत्य प्रतिशतता के आधार पर श्रेणी-वार निर्धारित कट-ऑफ और उपलब्ध अभ्यर्थियों की संख्या का ब्योरा निम्नानुसार है:

आशुलिपिक ग्रेड 'ग'

	आकव	**अजा**	**अजजा**	**अपिव**	**अना**	**दृ दि**	**अन्य दिव्यांगजन**	**कुल**
कट-ऑफ (त्रुटियों का प्रतिशत)	7%	7%	7%	7%	5%	7%	7%	-
उपलब्ध अभ्यर्थियों की संख्या	25	34	3	38	57	3	1	161

आशुलिपिक ग्रेड 'घ'

	आकव	**अजा**	**अजजा**	**अपिव**	**अना**	**भूपूसै**	**श्र दि**	**दृ दि**	**अन्य दिव्यांगजन**	**कुल**
कट-ऑफ (त्रुटियों का प्रतिशत)	10%	10%	10%	10%	7%	10%	10%	10%	10%	-
उपलब्ध अभ्यर्थियों की संख्या	342	315	168	491	691	9	50	31	4	2101

3. सभी अर्हताप्राप्त अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन में उपस्थित होना होगा जिसे अनंतिम रूप से अप्रैल 2022 के अंतिम सप्ताह में निर्धारित किया गया है । दस्तावेज सत्यापन करने के लिए समय-सारणी आयोग के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालयों की वेबसाइटों पर शीघ्र उपलब्ध कराई जाएगी । शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थी, और अधिक जानकारी के लिए आयोग के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालयों की वेबसाइट का नियमित रूप से अवलोकन करते रहें ।

4. उपर्युक्त सूचियां पूर्णतः अनंतिम हैं तथा अभ्यर्थियों द्वारा परीक्षा विज्ञप्ति में संबंधित पदों के लिए निर्धारित पात्रता शर्तों को पूरा करने और ऑनलाइन आवेदनपत्रों और प्रवेशपत्रों आदि में उनके फोटोग्राफ, हस्ताक्षर, हस्तलेख आदि के संदर्भ में उनकी पहचान के पूर्ण सत्यापन के अध्यधीन हैं ।

5. आशुलिपि की कौशल परीक्षा में अर्हताप्राप्त/ गैर-अर्हताप्राप्त अभ्यर्थियों की त्रुटियों की प्रतिशतता का ब्योरा दिनांक **12.04.2022** को आयोग की वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा । यह सुविधा दिनांक **12.04.2022 से 30.04.2022** तक उपलब्ध रहेगी । अभ्यर्थी अपना पंजीकरण संख्या और कचआ के पंजीकरण पासवर्ड का उपयोग करके तथा अभ्यर्थी डैशबोर्ड पर परिणाम/अंक-टैब पर क्लिक करके अपने-अपने अंक देख सकते हैं ।

अवर सचिव (गो-1/2)
07.04.2022

कर्मचारी चयन आयोग